दिन– रविवार | दिनांक– 15 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष को स्वीकृति दिए जाने की केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता की शहरी अवसंरचना प्रदान करने के साथ देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य आधार बनेगी। शहरी चुनौती कोष, गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसके तहत अगले पांच सालों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा।

————————————————————————

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी यानी जनरल कोच की सफाई भी फर्स्ट क्लास कोच की ही तरह की जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि इस पहल के तहत शुरूआत में, छह महीने के भीतर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाड़ियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी रखे जायेंगे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि अंतरित करेंगे। पटना में आयोजित समारोह में इस योजना के तहत महिला लाभुकों के खाते में दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जायेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालय के साथ ही पंचायत स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

————————————————————————

महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवालयों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा—अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, रोहतास के गुप्ताधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान मंदिर और अररिया के मां खरगेश्वरी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा—अर्चना और जलाभिषेक किया जा रहा है। कई स्थानों पर शिव—पार्वती विवाह समारोह का भी आयोजन हो रहा है। इधर, राजधानी पटना में शिवरात्रि का मुख्य समारोह खाजपुरा शिव मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी यहां आयोजित पूजा समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कामना की है कि भगवान शिव सभी देशवासियों और भारत के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर, महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि संवदेनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पटना के ट्रैफिक एसपी सागर कुमार ने बताया है कि महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभा यात्रा और भीड़—भाड़ को देखते हुये आज पटना शहर में कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। यह मैच कोलंबो के. आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। पूल में दोनों टीमें दो–दो मैच खेलकर चार–चार अंक की बराबरी पर हैं। दोनों टीमें अपनी जीत का क्रम जारी रखने का प्रयास करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच टी–ट्वेंटी विश्व कप में अब तक आठ मैच खेले गये हैं। सात में भारत ने जीत दर्ज की है जबकि केवल एक मुकाबला पाकिस्तान ने जीता है।

समाप्त